# महादेव संग ब्याही मां पार्वती, शिव-शक्ति के मिलन के साक्षी बने शहरवासी

## जिलेभर में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि पर्व, शिवालयों में हुए धार्मिक अनुष्ठान







**शाजापुर, 15 फरवरी. शिव मंदिरों में दिन के प्रथम पहर से ही रूद्राभिषेक और मंत्रोच्चार के स्वर सुनाई देने लगे थे. सवेरा होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी. जिलेभर में सारा वातावरण शिवमय हो गया. भक्तों के उत्साह को देखकर ऐसा लग रहा था, मानो सभी भोले की शादी में बाराती हों. इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कहीं शिव मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया था, तो कहीं देर रात तक धार्मिक आयोजनों की गूंज सुनाई दी. यही नहीं कई स्थानों पर मेले का भी आयोजन किया गया.**

रविवार को शिव और शक्ति के मिलन के त्यौहार महाशिवरात्रि को नगर में शिव भक्तों ने बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया. इस अवसर पर नगर के सभी प्रमुख शिवालयों पर भक्तों का तांता देर शाम तक लगा रहा. शिवालयों में सुबह से ही अभिषेक, महाआरती आदि धार्मिक आयोजन शुरू हो गए थे. भूतभावन भगवान भोलनाथ को श्रद्धालुओं ने दूध से अभिषेक किया, तो कहीं पंच मेवों के साथ भंग धतुरा चढ़ाया. शिवरात्रि के अवसर पर नगर के सभी शिवालयों में विभिन्न आयोजन किए गए. कहीं फरियाली खिचड़ी का भंडारा किया गया, तो कही सूखे मेवे के प्रसाद के साथ भांग से बनी प्रसाद वितरित की गई और सुबह से शुरू हुआ ये दौर देर रात्रि तक नहीं थमा.

### इन मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़...

नगर के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर, मंगलनाथ महादेव मंदिर, गरासिया घाट, भीमघाट स्थित शिव मंदिर, तालाब की पाल स्थित जयेश्वर मंदिर, विजय नगर स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर, नित्यानंद आश्रम, लालपुरा स्थित महादेव मंदिर, वाटर वर्क्स के जय जलेश्वर महादेव, पांडूखोरा स्थित शिव मंदिर, नैनावद स्थित श्री महाकाल मंदिर, सुनेरा स्थित श्री शिव मंदिर, कुम्हारिया खास स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर सहित सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ बड़ी संख्या में देखने को मिली. स्थिति ये थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी और पुलिसकर्मियों को यहां व्यवस्था के लिए तैनात करना पड़ा. सुबह से शाम तक श्रद्धालु बसों व निजी वाहनों के माध्यम से अपनी दर्शन की लालसा को पूरा करते रहे.

# शिव बारात में जमके थिरके युवा, कलाकारों ने जमाया भक्ति रंग



**शुजालपुर, नगर सहित अंचलों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रृद्धाभाव के साथ रविवार को मनाया गया. इस पर्व के चलते शिवालयों पर अल सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों की कतारे लगी रही. नागरिकों ने इस पर्व के चलते शिवालयों पर विशेष पूजा अर्चना भी की. नगर में सुबह से ही शिवालयों व अन्य देव स्थानों पर शिव स्तुती का दौर प्रारंभ हो गया था. जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया शिवालयों में श्रृद्धालुओं की भीड बढती गई.**

इस पर्व के चलते प्रशासन ने देवालयों पर व्यापक इंतजाम किए गए. क्षेत्र के प्रसिद्ध भोले डुंगरी, हिमलेश्वर, राणौगंज मंदिर व जटाशंकर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन भी हुआ. श्रृद्धालुओं ने भगवान महाकाल का अभिषेक किया. इन शिवालयों में दिनभर दर्शन के लिए लम्बी कतारे लगी रही. इसी प्रकार नगर में ब्रहम्कुमारी संस्था द्वारा भी शिवरात्रि पर विशेष आयोजन कर परम पिता परमेश्वर की झांकी सजाई. पर्व के चलते राणोगंज स्थित छतरी पर पहुंचने के लिए अकोदिया मार्ग पर भी यातायात दबाव अधिक रहा. इस मार्ग पर कई बार जाम की स्थिति बनी. जिसके कारण नागरिक परेशान होते रहे. मंडी में शिवभक्त मंडल के तत्वाधान में शिव बारात धूमधाम से निकाली गई. जिसका शुभारंभ खेडापति हनुमान मंदिर से हुआ. लगभग एक किलोमीटर के काफिले में शामिल विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल की गई. जिसमें विभिन्न देवगणों, भगवान भोलेनाथ, अघोरी आदि की झांकी सजाई गई. धार्मिक प्रस्तुतियों के बीच मथूरा से आए कलाकारों ने अच्छा समा बांधा. इन कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ का नृत्य के साथ ही शानदार अग्नि नृत्य की प्रस्तुति दी. इस दौरान बारात में भूत पिसाच के साथ ही देवगण के रूप में भी बच्चों को सजाया गया था. इस बारात का स्वागत राम मंदिर के समीप, पोस्ट ऑफिस स्थित नीमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में फलाहार व अन्य खाद सामग्री की स्टॉल लगाकर किया गया. शिव बारात में कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए. शिव बारात का समापन लोहिया मार्ग पर स्थित माता पार्वती मंदिर पर भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह के साथ सम्पन्न हुआ. इसी प्रकार सिटी क्षेत्र में भी भीमपुरा मोहल्ला से शिव बारात निकाली गई, जो कि प्रमुख मार्गो से होते हुए गुजरी. शिव बारात का बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और बारात में शामिल शिव भक्तों का कई स्थानों पर स्वागत किया गया.



## एक नजर में

### शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**शाजापुर, 15 फरवरी.** आयुष्मान भारत कार्यक्रम अंतर्गत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम का संचालन जिले के समस्त शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं में किया जाना है. इसी तारतम्य में जिले के समस्त कक्षा 6 से 8 तक के शालाओं से नामांकित दो-दो हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसडर आरोग्य दूत का जिला स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया. प्रथम चरण 12 फरवरी से 14 फरवरी तक सुबह 9 बजे से शाम 6 तक होटल राजश्री एबी रोड शाजापुर में जिले के शाजापुर एवं कालापीपल ब्लॉक के लगभग 100 शिक्षकों ने उक्त प्रशिक्षण में सहभागिता की. उक्त प्रशिक्षण का द्वितीय चरण 16 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा. जिसमें शेष ब्लाक के करीब 100 शिक्षक सहभागिता करेंगे. बीएसी प्रमोद गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के प्रशिक्षण का समापन 14 फरवरी शनिवार को हुआ. जिसमें मुख्य रूप से डाइट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, डीपीसी धीरज बीरथरे, एपीसी मेहरबान सिंह गुर्जर, डाइट व्याख्याता एमडी शर्मा, अशोक कारपेंटर, स्वास्थ्य विभाग से जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सोनी, सुश्री हिमांशी काले, सुश्री ऋतु मेवाड़ा, जितेन्द्र कुमावत, प्रमोद गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे. मास्टर ट्रेनर सुनील विश्वकर्मा, सुनील पाटीदार, सत्यनारायण पाटीदार एवं श्रीमती रंजना जोशी ने सभी उपस्थित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया.

### नये उपकेन्द्र 33/11 केव्ही का भूमिपूजन

**शाजापुर, 15 फरवरी.** मप्रपक्षेविविकंलि शाजापुर शहर के अंतर्गत गत दिवस वॉटर वार्क्स नगर पालिका एबी रोड में नया उपकेन्द्र 33/11 केव्ही वॉटर वाक्स शाजापुर का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ. कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद उपस्थित थे. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, आशीष नागर, शीतल भावसार, गोविन्द नायक, विकास सिंदल, पार्षद दिनेश सौराष्ट्रीय, पार्षद सतीश राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित, पार्षद पीरूलाल, महेश कुशवाह, अजय चंदेल, चिनेश जैन, सागर राय, दिलीप सिंदल, कमल चंद्रवंशी, दीपक, अधीक्षण यंत्री एसएन वर्मा, कार्यपालन यंत्री चंद्रशेखर झा, नवीन ढोले, अशोक राठौर, जगदीश मीणा, कैलाश गुर्जर, नरेश निगम, राजेन्द्र मालवीय, हुकुम पाटीदार, कनिष्ठ यंत्री नीरज यादव, कीरत, गजराज, विक्रम कलमोदिया, कृष्णकांत मेहता एवं शाजापुर शहर वितरण केन्द्र प्रभारी रामेश्वर प्रसाद अहिरवार आदि उपस्थित थे.

### पानी की मोटर चालू करते समय लगा करंट

**शाजापुर, 15 फरवरी.** जिले के ग्राम रेहली में रविवार सुबह खेत पर करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई. यह घटना सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच हुई, जब किसान अपने खेत में पानी की मोटर चालू करने गया था. जानकारी के अनुसार किसान नाथूलाल गुर्जर 60 वर्ष निवासी ग्राम रेहली जब मोटर चालू करने पहुंचा, तो खेत के पास लगी डीपी में फाल्ट हो गया था. जैसे ही किसान ने वहां लगे तार को छूने का प्रयास किया. वह तेज करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजन और ग्रामीण तुरंत उसे प्राथमिक उपचार के लिए बेरछा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए. वहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे शाजापुर जिला अस्पताल रैफर किया गया. जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया. अस्पताल पुलिस चौकी पर पदस्थ प्रधान आरक्षक पदम सिंह ने बताया कि पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

### सुबह-शाम हल्की ठंड, दिन में बढ़ने लगी गर्मी

**शाजापुर, 15 फरवरी.** फरवरी माह के जैसे-जैसे दिन गुजर रहे हैं. वैसे-वैसे मौसम भी बदलने लगा है. अब तक नगरवासियों को गर्म कपड़े और कंबल रास आ रहे थे, लेकिन अब दिन में लोगों को पंखे राहत देने लगे हैं. हालाकि सुबह और शाम जरूर मौसम हल्का ठंडा बना है, जिससे हल्की सर्दी का एहसास हो रहा है, लेकिन मौसम परिवर्तन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिन का तापमान 31 डिग्री तक चुका है. जबकि रात का तापमान फिलहाल 12 .4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है. इसके पहले उत्तर-पूर्वी हवाओं का दौर जारी था, जिससे नगर का वातावरण सर्द बना हुआ था. रात में ही नहीं बल्कि दिन में भी लोगों को सर्दी के कारण ठिठुरना पड़ रहा था. इसके अलावा दिन और रात कोहरा छाने से नगरवासी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे थे, लेकिन फरवरी माह शुरू होते ही धीरे-धीरे मौसम बदलने लगा है.

# पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं : भीमावद

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**शाजापुर, 15 फरवरी. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जिला पंचायत शाजापुर द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नवाचार एवं पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए गत दिवस गांधी हॉल शाजापुर में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में जिले की सर्वश्रेष्ठ 8 टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया एवं अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से कार्यक्रम को अत्यंत रोमांचक बनाया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरुण भीमावद उपस्थित थे. अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष नागर उपस्थित रहे. विधायक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा ऐसे आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है. विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार राशि प्रदान की गई. जिसमें टीम पोलायकलां जनपद शुजालपुर को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21000 रुपए, टीम तिलवाद मैना जनपद कालापीपल को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 11000 रुपए, तृतीय पुरस्कार टीम शुजालपुर जनपद शुजालपुर को 5100 रुपए एवं तीन टीमों को सांत्वना पुरस्कार 1100 रुपए की राशि एवं शील्ड प्रदान की गई. अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया. जिला पंचायत से राजेश राठौर तथा ब्लॉक समन्वयक कपिल, मुकेश मेवाड़ा, पवन मालवीय एवं जितेंद्र बैरागी द्वारा संचालन एवं व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया. इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अनुपमा चौहान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, जिला क्रीड़ा अधिकारी रविन्द्र कुमार हार्डिया, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर, वरिष्ठ लेखा अधिकारी नरेंद्र विजयावत, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश कुमार नागर, जिला समन्वयक विकास नागले विशेष रूप से उपस्थित थे.

**डीजे संचालकों की बैठक संपन्न - शाजापुर,** एसडीएम शुजालपुर राजकुमार हलदर की अध्यक्षता में विद्यार्थियों की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शुजालपुर में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई. हलदर ने सभी डीजे संचालकों को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन एवं नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए.

# जमीन विवाद में दो पक्ष आमने-सामने

## मारपीट का वीडियो भी सामने आया, दोनों पक्षों पर एफआईआर

**शुजालपुर, 15 फरवरी. जमीन को लेकर पुराना विवाद रविवार रात उस समय उग्र हो गया जब खेत पर कार्य के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ गए. मामले में दोनों ओर से एक-दूसरे पर गाली-गलौज, पथराव और मारपीट के आरोप लगाते हुए थाने में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई गई हैं. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पहले पक्ष के भानु प्रताप मंडलोई 48 वर्ष निवासी ग्राम अकोदिया ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने साथियों अनुज नेमा व रघुवीर राजपूत के साथ राणोगंज क्षेत्र में जमीन खरीदी है. रविवार शाम करीब 8.30 बजे वे खेत पर जेसीबी से कार्य करवा रहे थे. इसी दौरान पवन गिरी अपने साथ मदन पुरी, लोकेश पुरी व कंचन के साथ वहां पहुंचा और जमीन पर आने को लेकर विवाद करते हुए कथित रूप से गाली-गलौज की. आरोप है कि इस दौरान पत्थर फैंककर हमला किया गया, जिससे उनके हाथ में चोट आई. बीच-बचाव करने पहुंचे साथियों के साथ भी अभद्रता की गई. पुलिस ने भानु की शिकायत पर पवन, मदनपुरी, लोकेश पुरी, कंचन पुरी के विरूद्ध मामला दर्ज किया. वहीं दूसरे पक्ष के पवन पिता हिर्देश गिरी ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि रात करीब 8.30 बजे खेत पर भानु मंडलोई व अन्य लोग जेसीबी चलवा रहे थे, जब मेने मना किया तो उन्होने मारपीट की. इस दरमियान बीच बचाव करने आई मेरी मम्मी, नानाजी, मोसी, मामा के लड़के के साथ भी मारपीट की गई. पुलिस ने पवन की शिकायत पर भानु मंडलोई व उदय मंडलोई के विरूद्ध मामला दर्ज किया. पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है. घटनास्थल व जमीन संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है. मामले की विवेचना जारी है.

### हस्ताक्षर नहीं मिलने पर चेक अनादरित

**शुजालपुर, 15 फरवरी.** चेक पर हस्ताक्षर मेल नहीं खाने के कारण अनादरित हुए प्रकरण में न्यायालय ने आरोपी को कारावास की सजा सुनाते हुए प्रतिकर राशि अदा करने का आदेश दिया है. प्रकरण की सुनवाई न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय शुजालपुर में हुई. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचदेहरिया निवासी कैलाश नारायण पिता पन्नालाल परमार को अपने ही गांव के ओमप्रकाश पिता केशरसिंह पंवार से दो लाख रुपए लेना थे. देनदारी चुकाने के लिए ओमप्रकाश ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा जामनेर का चेक दिया. जब परिवादी ने चेक बैंक में प्रस्तुत किया, तो हस्ताक्षर नहीं मिलने के आधार पर चेक अनादरित कर लौटा दिया गया. इसके बाद कैलाश नारायण ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से आरोपी को विधिक नोटिस भेजा, किंतु राशि अदा नहीं की गई तथा नोटिस का जवाब भी असत्य तथ्यों के साथ दिया गया. इस पर परिवादी ने न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया. सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए न्यायाधीश रामअचल पाल सिंह ने आरोपी ओमप्रकाश को तीन माह के कारावास और 312451 रुपए प्रतिकर राशि परिवादी को अदा करने का आदेश दिया. प्रकरण में परिवादी कैलाश नारायण की ओर से अधिवक्ता श्रवण कुमार सोनी एवं अतुल मिश्रा ने पैरवी की.

## एक नजर में

### धर्मेन्द्र शर्मा हत्या कांड : दूसरा आरोपी मेघनगर से गिरफ्तार, चाकू भी बरामद किया

# पत्नी से अवैध संबंध की आशंका के चलते की थी युवक की हत्या

**शुजालपुर, 15 फरवरी. मंडी थाना क्षेत्र में ग्राम अमलाय पत्थरकी के समीप 7 फरवरी को सीहोर निवासी धर्मेंद्र शर्मा पिता रमेशचन्द्र शर्मा की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश की गई थी. उस हत्याकांड में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी पकड़ने में सफलता प्राप्त की.**

बता दें इस मामले में एक आरोपी बादल को तीन दिवस पूर्व गिरफ्तार कर लिया था और दूसरे आरोपी चिराग की तलाश की जा रही थी, जो कि झाबुआ के मेघनगर से पकड़ा गया. थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिवकुमार यादव ने बताया कि धर्मेन्द्र शर्मा की हत्या के बाद दूसरा आरोपी चिराग चार पहिया वाहन से झाबुआ के मेघनगर पहुंचा था और वह पर



पार्किंग में अपना वाहन खड़ा किया था, इसके बाद वह इधर-उधर भटकता रहा. मेघनगर वाहन लेने आया, तो उसे पकड़ लिया गया. पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी चिराग को आशंका थी कि मृतक धर्मेन्द्र शर्मा के संबंध में उसकी पत्नी से है. साथ ही चिराग ने पुलिस को बताया कि मृतक धर्मेन्द्र उसकी पत्नी से बात किया करता था. उधर, मृतक के परिवारजनों के साथ आरोपी पक्ष का लेन-देन को लेकर पूर्व में विवाद भी हुआ था. इन्ही रंजीश के चलते दोनों आरोपियों ने धर्मेन्द्र की हत्या कर दी

### यह था मामला...

बता दें शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र के निपानिया देव मार्ग पर अमलाय पत्थर के पास स्थित एक खेत में 8 फरवरी की सुबह एक युवक का अधजला शव मिला था, जिसकी पहचान धर्मेंद्र शर्मा पिता रमेश प्रसाद शर्मा 27 वर्ष निवासी ब्रह्मपुरी कॉलोनी, सीहोर के रूप में हुई थी. वह कांबेश्वर धाम में पूजा सामग्री बेचने का कार्य करता था और किराए के मकान में रह रहा था. मृतक धर्मेन्द्र शर्मा का परिवार मूल रूप से कालापीपल मंडी का निवासी थे और कुछ वर्ष पूर्व सीहोर जाकर रहने लगे थे. धर्मेन्द्र के परिजनों द्वारा 7 फरवरी को कोतवाली थाना सीहोर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी. पुलिस जांच में सामने आया था कि आरोपियों ने पहले धर्मेंद्र के साथ मारपीट की और बाद में उसका गला रेतकर हत्या कर दी. पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव पर स्पिरिट डालकर उसे जलाने का प्रयास किया गया. इसके बाद शव को एक किसान के खेत में फैंक दिया गया था. पुलिस ने आरोपी चिराग से घटना में इस्तमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया.